हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
13 मई 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और विकास को प्राथमिकता न देने का आरोप लगाया है।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि चुनाव प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा बहु गिनती में भेजे जाने वाले एस.एम.एस. का खर्च, संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जायेगा।
- हरियाणा में चुनाव प्रचार तेज़ हुआ। नारनौंद और रोहतक के कलानौर में बी.जे.पी. ने विजय रैली की, तो कुमारी सैलजा ने सिरसा के रतिया क्षेत्र में प्रचार किया।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया।

..........................................................................

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने एक समाचार पत्र को दिए साक्षात्कार में कांग्रेस पर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी भी विकास को प्राथमिकता नहीं दी और केवल तुष्टिकरण की राजनीति करती रही।

श्री मोदी ने कहा कि बी.जे.पी. के विकासोन्मुख शासन का नतीजा है कि जिन राज्यों को कभी बीमारू राज्य कहा जाता था वे अब फल-फूल रहे हैं। उन्होंने कहा की बी.जे.पी. सरकार की योजनाओं से गरीबों को घर मिला, युवाओं को अवसर मिले और महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है।

श्री मोदी ने आई.एन.डी.आई. (इंडी) गठबंधन की तुष्टिकरण की राजनीति की भी निंदा की और कहा कि वे जरूरतमंदों से आरक्षण छीनकर एक विशेष समुदाय को दे देंगे। एक निजी टेलीविजन चैनल को दिए एक अन्य साक्षात्कार में श्री मोदी ने कहा कि उनकी पार्टी को पूरे देश से समर्थन मिल रहा है।

..........................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि इस लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा बहुगिनती में भेजे जाने वाले एस एम एस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक चुनाव प्रचार के लिए थोक में भेजे गए एस एम एस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा।

श्री अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं कि मतदान संपन्न होने के लिए निश्चित किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान थोक में राजनीतिक प्रकृति के एस एम एस भेजने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में प्रचार के दौरान सभी मोबाइल सेवा प्रदाता को थोक एस एम एस की जानकारी निगरानी टीम के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक एस एम एस भेजने वालों पर भी टीम की कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि आपत्तिजनक (एस एम एस) की जांच के दौरान एसएमएस भेजने वाले का पता लगाकर उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

.....................................................................

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज लोकसभा चुनाव के लिए अपने परिवार के सदस्यों के साथ हैदराबाद के रामनगर में मतदान किया।

राज्यपाल ने मतदान के उपरांत प्रत्येक नागरिक को चुनाव के पर्व में मतदान कर देश का गौरव बढ़ाने का आहवान किया। उन्होंने आग्रह किया कि आगामी 25 मई को हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान में प्रत्येक मतदाता वोट देकर अपने दायित्व का निर्वहन करें।

.....................................................................

हरियाणा में चुनाव प्रचार तेज़ हो गया है।

हिसार लोकसभा क्षेत्र के नारनौंद में भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला के पक्ष में विजय संकल्प रैली का आयोजन किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रैली को संबोधित करते हुए इस बार का लोकसभा चुनाव देश की दशा और दिशा एवं विकास की गति तय करने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि जनता को कांग्रेस के 60 वर्ष के शासन में हुए काम की तुलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यलय में हुए कार्यों से करनी है।

श्री नायब सिंह सैनी ने लोगों से बीजेपी के पक्ष में मतदान की अपील की।

रैली के आयोजक वरिष्ठ बीजेपी नेता कैप्टन अभिमंयु ने भी लोगों को संबोधित किया और अधिक से अधिक मतदान कर श्री रणजीत सिंह चौटाला को जिताने का आग्रह किया।
उन्होंने दावा किया कि आज 36 बिरादरी के लोग श्री मोदी के वोट लिए करना चाहते है।

.....................................................................

भारतीय जनता पार्टी ने आज रोहतक जिले के कलानौर में विजय संकल्प रैली का आयोजन किया। इस रैली में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा सीट से बी.जे.पी. उम्मीदवार मनोहर लाल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डॉ अरविंद शर्मा को जिताने की अपील की।

.....................................................................

उधर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव एवं सिरसा लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की काँग्रेस से उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि इस समय देश में बदलाव की हवा चल रही है। उन्होंने दावा किया कि इस बार दिल्ली में इंडी गठबंधन की ही सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जनता से जो भी वायदा किया है उसे पूरा किया जाएगा।

कुमारी सैलजा ने आज रतिया विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में जनसभाओं को संबोधित किया और कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। कुमारी सैलजा कल ऐलनाबाद विधानसभा के विभिन्न गांवों में जनसभाओं को संबोधित करेंगी।

..........................................................................

हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया ने आज भिवानी जिला के तोशाम क्षेत्र के दौरे के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों को संबोधित किया और भिवानी-महेंद्रगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह के लिए वोट मांगे।

इस मौके पर किरण चौधरी के समर्थकों ने नारेबाजी भी की और राव दान सिंह के समर्थकों से किरण चौधरी के समर्थकों की तनातनी भी देखने को मिली।

पत्रकारों से बातचीत में श्रुति चौधरी का टिकट कटने पर श्री दीपक बावरिया ने कहा कि यह किसी एक व्यक्ति का निर्णय नहीं है। सर्वेक्षण की रिपोर्ट रुझान तथा जो स्थिति थी उसके अनुसार ही टिकट वितरण का कार्य किया गया है।

किरण चौधरी या श्रुति चौधरी लोकसभा का ही चुनाव लड़े ऐसा कुछ नहीं है, बल्कि आगामी विधानसभा का चुनाव भी लड़ सकती हैं।

..........................................................................

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने आज 10वीं और 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया।

10वीं की परीक्षा में 93.6 प्रतिशत और 12वीं की परीक्षा में 87.98 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं में लड़कियां, लड़कों से आगे रहीं। 10वीं में 94.75 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण हुई जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 92.71 रहा। वहीं 12वीं में लड़कों के मुकाबले 6.4 प्रतिशत अधिक लड़कियां उत्तीर्ण हुई।

इस बार 12वीं में 24 हज़ार से अधिक विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये हैं। परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट के साथ साथ डिजिलॉकर और उमंग ऐप पर भी उपलब्ध कराया गया है।

पंचकूला ज़ोन में 10वीं कक्षा के 92.16 और 12वीं कक्षा में 90.26 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए है।

पंचकूला ज़ोन में रहने वाले राज्यों हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश से एक लाख 94 हज़ार 581 विद्यार्थियों ने 10वीं की परीक्षा दी, जिनमें से एक लाख 70 हज़ार 106 विद्यार्थियों ने यह

परीक्षा पास की। हरियाणा में लड़कियों की परिणाम 94.6 प्रतिशत और लड़कों का परिणाम 89.6 प्रतिशत रहा।

वहीं 12वीं कक्षा में दोनों राज्यों से एक लाख 51 हज़ार 345 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे और एक लाख 36 हज़ार 598 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। हरियाणा में लड़कियों का परिणाम 93.69 और लड़कों का परिणाम 87.16 प्रतिशत रहा।

.........................................................................